हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 6 जुलाई 2026



### हालत: बारिश के चलते शहर के कई बस्तियों में भरा पानी, ग्रामीण इलाके भी जलमग्न

# तीन दिन में 6 इंच बारिश से नदी-नाले उफान पर किसानों के चेहरे खिले, आज के लिए रेड अलर्ट

मौसम विशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ज्येष्ठ का महीना सूखे में बीतने के बाद आषाढ़ के शुरूआती हफ्ते में दो दिनों की बारिश से शहर सहित जिले के कई क्षेत्र जलमग्न हो गए। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव का असर जिलेभर में देखने को मिल रहा है। पिछले तीन दिनों में ही जिले में 160 मिमी से अधिक बारिश देखने को मिली है, जिससे न केवल बारिश का आंकड़ा सुधरा है, बल्कि नदी, नाले सहित तालाबों में जलभराव बढ़ गया है। इस बीच अब जिले के लिए आज को लेकर बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं दोनों नए जिलो के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

शनिवार दोपहर से रूक-रूककर माध्यम से तेज बारिश हो रही है। बारिश के चलते सड़कों में सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं शहर के कई क्षेत्र में पानी भरने से लोगों को समस्याएं भी हो रही है। बारिश पूर्व नाला सफाई की सिर्फ औपचारिकता किए जाने के चलते नाले-नालियों का पानी सड़क से होकर लोगों के घरों में घुस गया। वहीं नाले-नालियों का कचरा सड़क पर आ गया। देर रात से हुई तेज बारिश की वजह से सुबह उठते ही लोगों ने आसपास जल भराव देखा।



### बारिश की लगी झड़ी

दो जुलाई की स्थिति में राजनांदगांव जिले में कुल 44 मिमी बारिश ही दर्ज की गई थी, उस दौरान बारिश का आंकड़ा सामान्य से 72 फीसदी पीछे था। अब तीन दिन की धुआंधार बारिश के बाद जिले में वर्षा का आंकड़ा दो सौ मिमी पार कर चुका है। ऐसे ही मोहला-मानपुर-चौकी जिले में 2 जुलाई तक 86 मिमी बारिश हुई थी, जो अब 150 मिमी से अधिक पर पहुंच गई है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में दो जुलाई तक 91 मिमी बारिश हुई थी, जो अब 150 मिमी से अधिक पर है।

### कई बस्तियों में जल भराव

रूक-रूककर हो रही बारिश में शहर के कई निचली बस्तियों में पानी भरा हुआ है। शहर के भरकापारा, चिखली, बसंतपुर, लखोली, बजरंगपुर, नवागांव, रामनगर, मोतीपुर, रेवाडीह, इंदिरा नगर, हाटबाजार, मोहारा, दीनदयाल नगर, नया ढ़ाबा, कन्हापुरी सहित अन्य क्षेत्रों के कुछ बस्तियों में पानी भरने की वजह से लोगों को समस्या हुई। कई जगह पानी लोगों के घरों के भीतर तक घुस आया।



### अस्पताल के समीप जलभराव

बारिश की वजह से जिला अस्पताल परिसर के समीप भी जल भराव हो गया। यहां डॉक्टर कॉलोनी, जिला अस्पताल परिसर में लगभग 3 फीट तक पानी भर गया। हालंकि अस्पताल की ऊंचाई बढ़ाई जाने के चलते अस्पताल के भीतर जल भराव नहीं हो पाया, लेकिन परिसर के आसपास पानी भरने से आने वाले मरीजों और राहगीरों को समस्या हुई।

### अंडरब्रिज में भरा पानी

रूक-रूककर हो रही बारिश के चलते ममता नगर अंडरब्रिज में लगभग 3 फीट तक पानी भरने से आवागमन करने में लोगों को समस्याएं हुई। पानी निकासी के लिए मोटर चालू नहीं करने के चलते यहां पर पानी भर गया। जिससे वाहन चालकों को काफी समस्या हुई। कई दो पहिया वाहन पानी के बीच जाकर बंद भी हो गए। इसी तरह कमला कॉलेज की ओर से गौरव में भी पानी भर गया।





## मौसम की करवट से किसानों में उत्साह, बुआई कार्य में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में आषाढ़ माह की शुरूआत के साथ ही मौसम ने करवट ले ली है। पिछले कुछ दिनों से हो रही हल्की से मध्यम बारिश ने किसानों के चेहरों पर खुशी लौटा दी है। लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे अन्नदाताओं को अब खरीफ फसलों की बुआई की उम्मीद बंध गई है। खेतों में पर्याप्त नमी आने के बाद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बुआई कार्य तेजी से शुरू हो गया है।

बारिश होने से खेतों की जुताई और बखरनी का कार्य भी तेज हो गया है। किसान धान, सोयाबीन, अरहर तथा अन्य खरीफ फसलों की बुआई में जुट गए हैं। गांवों में सुबह से शाम तक खेतों में किसानों की चहल-पहल देखने को मिल रही है। कृषि कार्यों में पूरा परिवार हाथ बंटा रहा है। जिससे ग्रामीण अंचल में रौनक लौट आई है।



### बुआई में आई तेजी

जिले के कई क्षेत्रों में किसानों ने ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों के माध्यम से खेत तैयार कर बुआई शुरू कर दी है। बेहतर बारिश का इंतजार समाप्त होते ही बुआई कार्य में तेजी आई है। कुछ स्थानों पर पारंपरिक तरीके से भी खेती का कार्य जारी है। बारिश के चलते खेतों में पर्याप्त नमी बनी हुई है। जिससे बीजों के अंकुरण के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई है।

### किसानों में उत्साह

आषाढ़ की बारिश ने न केवल किसानों की उम्मीदों दी है। किसानों की निगाहें आगामी दिनों की वर्षा पर टिकी है। यदि मानसून इसी तरह सक्रिय बना रहा तो इस वर्ष जिले में खरीफ फसलों का उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद है। बारिश के बीच खेतों में बढ़ी किसानों की व्यस्तता यह संकेत दे रही है कि खेती-किसानी का सीजन उत्साह के साथ शुरू हो चुका है।

**बारिश ने दी राहत:** माना जा रहा है कि यदि आने वाले दिनों में भी नियमित रूप से वर्षा होती रही तो खरीफ फसलों के लिए यह मौसम काफी अनुकूल रहेगा। समय पर बुआई होने से उत्पादन अच्छा मिलने की संभावना बढ़ जाएगी। वहीं किसानों का मानना है कि शुरूआती बारिश ने राहत तो दी है, लेकिन अच्छी पैदावार के लिए पूरे मौसम में संतुलित वर्षा होना आवश्यक है।

### खबर संक्षेप

#### युवती को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

राजनांदगांव। घर में बिना किसी को कुछ बताए बस में बैठकर हैदराबाद जा रही युवती की सूचना मिलने पर पुलिस ने बस में युवती को खोजकर उसे सकुशल उसके परिजनों को सौंपा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी तुमडीबोड़ को सूचना प्राप्त हुई कि भिलाई निवासी एक युवती अपने परिजनों को बिना बताए हैदराबाद जाने के लिए बस से रवाना हुई है। सूचना मिलते ही चौकी तुमडीबोड़ पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते संबंधित बस की जानकारी प्राप्त की तथा बस को तुमडीबोड़ क्षेत्र में रूकवाकर युवती को सुरक्षित अभिरक्षा में लिया।

युवती से पूछताछ एवं आवश्यक समझाइश के उपरांत उसके परिजनों को घटना की सूचना दी गई। परिजनों के चौकी पहुंचने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करते युवती को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया।उपरोक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी धनीराम नारंगे, सहायक उपनिरीक्षक नंदकुमार फरदिया, प्रधान आरक्षक जगत ठाकुर, आरक्षक प्रमोद करीयारे की सराहनीय भूमिका रही।

**फार्म हाउस भूमि बेचना हैं**

50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।

- संपर्क करें -
9243901653



## खबर संक्षेप



### सामाजिक कार्यों में भाग ले युवा: डे

**ठेलकाडीह।** मेरा युवा भारत के तहत रेंगाकठेरा में युवा मंडल विकास अभियान की बैठक जिला युवा अधिकारी शुभीजीत डे के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला युवा अधिकारी श्री डे ने युवाओं से मेरा युवा भारत के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा अपने गांवों में सामाजिक कार्यों, जनजागरूकता अभियानों और विकास गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएं। सरपंच उनीता गणेश साहू ने युवाओं से नशे से दूर रहकर राष्ट्रहित एवं समाजहित के कार्यों में आगे आने की अपील की। इस अवसर पर खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर रुद्र सूर्यवंशी, तेजस्वी वर्मा, कुंदन जंघेल, कुलेश्वरी वर्मा, भूमिका वर्मा आदि मौजूद थे।

### दो स्थानों पर सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन



**अंबागढ चौकी।** परमेश्वरी नगर में दो स्थानों पर सीसी सडक निर्माण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी एवं पार्षद विनोद डेहरिया ने भूमिपूजन किया। इस दौरान अध्यक्ष एवं पार्षद ने ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण सडक बनाने का निर्देश दिया। अधोसरंचना मद से सडक निर्माण के लिए पौने पांच लाख की स्वीकृत मिली है। भूमिपूजन के दौरान इंजीनियर योगेश्वर सिंह ठाकुर, सुजीतसिंह राजेश सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रवेश उत्सव में बच्चों का किया स्वागत



**मोहला।** पीएमश्री सेजेस मानपुर में जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा थे। उन्होंने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। उक्त अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही विकास की पहली सीढ़ी है। हमारा लक्ष्य है कि जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों का नियमित विद्यालय भेजने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विद्यालयों से जुड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत जन-जन में साक्षरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साक्षरता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने सभी से स्वयं साक्षर बनने तथा अपने परिवार, पड़ोस और समाज के निरक्षर लोगों को भी साक्षर बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए मास्टर ट्रेनर अंगद सलामे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक इन्द्रशाह मंडावी अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी, दिलीप वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### निधन

**भागचंद यादव**



**चिचोला।** पिनकापार निवासी भागचंद यादव जो ग्रामीण बैंक चिचोला में पदस्थ थे, का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से बैंक कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। बैंक कर्मियों सहित ग्रामीणों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## किसानों की मिटी चिंता, खेती के काम में आएगी तेजी, लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत

# जमकर बरसे बादल, नदी और खेत लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अवर्षा जैसे हालात के बीच शहर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में शनिवार देर रात से शुरू हुई तेज बारिश रविवार दोपहर तक लगातार जारी है। इस मानसूनी बारिश ने जहां एक तरफ किसानों के चेहरे पर खुशी लाई है, वहीं दूसरी तरफ नगर के कुछ इलाकों सहित रिहायशी क्षेत्र में पानी भरने से लोगों को परेशानी हुई।

उल्लेखनीय है कि पूरे जेठ माह में लोगों को तेज गर्मी से जूझना पड़ा। आषाढ माह के शुरूवाती दिनों में भी बारिश नहीं होने के बाद किसानों की चिंता बढ़ने लगी थी। शनिवार की रात को मौसम से करवट बदला और बारिश शुरू हुई जो रविवार को दोपहर तक जारी रही। जानकारी के अनुसार देर रात बारिश होने के बाद नगर के वार्ड 15 के कुछ घरों औ बाहर पानी भर गया था।



### मौसम विभाग का अनुमान

मौसम पूर्वानुमान के अनुसार क्षेत्र में अगले 24 से 48 घंटों तक आसमान में घने बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ लगातार बारिश होने की संभावना है।



### खेल मैदान बना तालाब

पानी की निकासी का प्रबंध नहीं होने के कारण नगर का खेल मैदान, आत्मानंद स्कूल परिसर जलमग्न हो गया। वहीं भारी बारिश होने के बाद विभिन्न नदी नालों में भी पानी आ गया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अगले 24 घंटे ऐसी ही बारिश हुई तो बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है।

### बारिश से किसानों को राहत

**छुरिया।** नगर सहित आसपास में शनिवार देर रात से शुरू हुई बारिश रविवार को भी रुक-रुककर जारी रही। बारिश होने के बाद लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है वहीं सबसे अधिक किसान प्रसन्न हुए हैं। लगातार बारिश होने के बाद अब तक सूखे नजर आने वाले खेतों में लबालब पानी भरा दिखाई देने लगा है। वर्तमान बारिश के बाद किसानों को मौसम के साफ होने का इंतजार है ताकि वह खेतों की जुताई और बुआई कर सकें। जानकारी के अनुसार कई जगह सड़कों पर पानी जमा होने से आवागमन भी प्रभावित हुआ, जबकि छोटे नालों और तालाबों का जलस्तर बढ़ने लगा है।



### नाले के पानी की निकासी बाधित, कृषि भूमि जलमग्न



**डोंगरगढ़।** क्षेत्र में लगातार बारिश होने के बीच चांदमारी पहाड़ी से पानी की निकासी बाधित होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। वर्षों से जिस नाले से बारिश का पानी निकल जाता था, वह अतिक्रमण की चपेट में आ गया है। नाले के अवरुद्ध होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे आसपास के खेतों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है। चांदमारी पहाड़ी से बड़ी मात्रा में आने वाला वर्षा जल नाले में रुक जाने के कारण आसपास के खेतों में भर गया। कुछ खेतों में तो घुटनों तक पानी भरने से धान की बुआई, रोपाई प्रभावित हो गई है। खेतों में लगातार पानी भरे रहने से किसानों को नुकसान होने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि नाले से अतिक्रमण हटाकर सफाई और चौड़ीकरण नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में जलभराव की समस्या गंभीर हो सकती है। किसानों ने प्रशासन से निरीक्षण कर नाले से अतिक्रमण हटाने तथा सुचारु जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## करंट की चपेट में आने से तीन मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजनापुर

■ ग्रामीणों में जमकर आक्रोश

ग्राम बिजनापुर में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। गांव के जर्जर बिजली पोल के गिरने के बाद तार टूटकर बिखर गए, जिसकी चपेट में आने से तीन मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली पोल काफी समय जर्जर अवस्था में था जिसकी जानकारी कई बार बिजली विभाग को दी गई थी, लेकिन समय रहते न तो पोल बदला गया और न ही मरम्मत कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की इसी लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि समय पर पोल को बदल दिया जाता तो यह हादसा नहीं होता। उन्होंने दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा गांव में लगे जर्जर बिजली पोलों का सर्वे कर बदलने की मांग की है।



### मामले की जांच शुरू

घटना की सूचना मिलने पर बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा विद्युत आपूर्ति बंद कर स्थिति को नियंत्रित किया। अधिकारियों ने मामले की जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इधर प्रशासन एवं पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूल परिसर में ग्रामीणों ने लगाए 50 पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

प्राथमिक शाला सिरलगढ़ में पालकों के सहयोग से पौधरोपण किया गया। वर्षा ऋतु के अवसर पर आयोजित अभियान के तहत विद्यालय परिसर एवं आसपास में 10 प्रजातियों के कुल 50 पौधों का रोपण किया गया।

रोपे गए पौधों में नीम, करंज, आम, कटहल, बरगद, गुड़हल, पीपल, अशोक, नींबू एवं मुनगा शामिल थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, पालकों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य जितेंद्र साहू, प्रधान पाठक योगेंद्र देवांगन, शिक्षक नीलकंठ कोमरे ने वृक्षों की महत्ता और जरूरत को बताते हुए सभी से पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा करने का आव्हान किया। इस दौरान सालिक कोरेटी, पीतांबर चंद्रवंशी, फनीत सिन्हा, विजेंद्र सिन्हा, वासुदेव सिन्हा, बिंदा चंद्रवंशी, सीमा कोरेटी, हेमीन चंद्रवंशी, चमेली बाई नेताम सहित अन्य उपस्थित थे।



## बम्लेश्वरी अस्पताल में चिकित्सकों का सम्मान

**डोंगरगढ़।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर मां बमलेश्वरी चिकित्सकों का सम्मान किया गया। समारोह में डॉ. आरएस भारद्वाज, डॉ. विजयश्री जैन, डॉ. जीएल पटेल, डॉ निलाम्बुज साहू, डॉ पलक कोठारी को पुष्पगुच्छ, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि डॉक्टर केवल एक पेशेवर नहीं, बल्कि मानवता के सच्चे प्रहरी हैं। वह कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए लोगों को नया जीवन देते हैं। डब्ल्यूई क्लब की अध्यक्ष भावना सिंह ने कहा कि डॉक्टरों के परिश्रम और सेवा भावना के कारण समाज स्वस्थ और सुरक्षित है। कार्यक्रम में क्लब की संस्थापक सदस्य माधुरी पांडा, अनुराधा द्विवेदी एवं उषा किरण शाह की उपस्थिति रही। क्लब की सचिव नम्रता दम्मानी एवं कोषाध्यक्ष ममता साहू सहित अन्य सदस्यों ने भी चिकित्सकों का सम्मान कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया।



## धान सहित अन्य की बुआई अटकी

### रोपाई भी नहीं कर पा रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

आषाढ़ माह शुरू होने के बाद किसानों ने धान, सोयाबीन, उड़द, मुंग, अरहर सहित अन्य फसल को बुआई शुरू कर दिया था किन्तु अपेक्षित बारिश नहीं होने से बुआई अटक गई है।

किसानों ने बताया कि लगातार बारिश से खेतों में जरूरत से अधिक नमी आ गई है जिससे धान की बोता एवं ओन्हारी पद्धति से बोआई करने वाले किसानों फंस गए हैं। वहीं क्षेत्र में इतनी बारिश नहीं हो रही कि रोपा पद्धति से धान की रोपाई किया जा सके। जानकारी अनुसार सभी गांव में धान, सोयाबीन, मुंग, उड़द की बुआई अटक गई है।

सुशील जंघेल, कुंदन जंघेल सहित अन्य किसानों ने बताया कि अगले एक दो दिनों के लिए मौसम खुल जाए तो किसान फसल की बुआई कर सकेंगे अन्यथा बुआई के लाई चोपा का सहारा लेना पड़ेगा।



### खरीदना पड़ रहा पानी

क्षेत्र के किसानों को मानसूनी बारिश का इंतजार है। सप्ताह भर से रिमझिम बारिश जारी है किन्तु इतनी बारिश नहीं हुई है कि खेतों में जल का भराव हो सके। गिनती के बोर से पानी निकल रहा है। किसान पानी खरीद कर धान की रोपाई कर रहे हैं।

### दलहन तिलहन का रकबा घटा

सरकार द्वारा किसानों को दलहन तिलहन फसलों की बुआई के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है परन्तु लगातार इनकी बुआई का रकबा कम होता दिख रहा है। लाभ को देखते हुए किसान धान की बुआई में ही रूचि ले रहे हैं।

## अनुशासन पर नजर रखने समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा

■ कांग्रेस की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर

जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक रविवार को ग्राम में जिला कांग्रेस सचिव रिंकू गुप्ता के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में जिला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, पदाधिकारी आदि शामिल हुए। बैठक में जिला अध्यक्ष कोमल दास साहू ने कहा कि अभनपुर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में को संगठन को मजबूत करने और आम जनता की आवाज बनकर कार्य करने का सुझाव दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के निर्देशों का पालन करना चाहिए।

लगातार अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के स्थान पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने पर भी विचार किया जाएगा। बैठक का संचालन जिला कांग्रेस महामंत्री सज्जाक खान ने किया।

### अनुशासन समिति का गठन

बैठक में कांग्रेस नेता सुशीलकांत पांडे ने सोशल मीडिया में आपसी टिप्पणी और अनुशासनहीनता पर चिंता व्यक्त की जिसके बाद जिला अध्यक्ष ने अनुशासन बनाए रखने के लिए 17 सदस्यीय अनुशासन समिति के गठन की घोषणा की। समिति में दाऊ भूपेंद्र सिंह, गजेंद्र ठाकरे, मोतीलाल जंघेल, उत्तमसिंह ठाकुर, भीखम सिन्हा, तारकेश्वर शाह, देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, दिलीप शर्मा, संजू चंदेल, अशोक साहू, गेंदलाल कुर्रे सहित सभी ब्लॉक अध्यक्षों को सदस्य बनाया गया है। समिति अनुशासन संबंधी मामलों पर नजर रखेगी। बैठक में भुनेश्वर बघेल, गजेंद्र ठाकरे, मिहिर झा, मोहम्मद खान, दिलीप शर्मा, देवराज किशोर दास, रामकुमार पटेल, सज्जाक खान, आकाशदीप सिंह, सुदीप श्रीवास्तव, रिंकू गुप्ता, संजू चंदेल, अशोक साहू, सुशीलकांत पांडे, जितेंद्र गौर, गेंदलाल कुर्रे, भीखम सिन्हा, संदीप सिरमौर, चंदन वर्मा, माधव बंजारे, रज्जाक खान, जयराम मंडावी सहित अन्य शामिल हुए।

## निकाय कर्मचारियों ने विधायकों को ज्ञापन सौंपकर बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

■ नियमित वेतन भुगतान की मांग, अन्य समस्याओं को विस में उठाने का आग्रह

नगर पंचायत के कर्मचारियों ने एक तारीख को वेतन देने सहित पांच सूत्रीय मांगो के निराकरण के लिए खुज्जी और मोहला मानपुर के विधायक को ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारियो ने मांगो को विधानसभा में उठाने का आग्रह किया है।

निकाय कर्मचारियों ने बताया कि पांच सूत्रीय मांगो के निराकरण के लिए वह चक्कर काट रहे है। वह कई सालों से हर माह वेतन भुगतान सहित अन्य मांगो के निराकरण की मांग करते आ रहे है लेकिन सरकार की ओर से पहल नहीं की जा रही है। आंदोलन करने पर सरकार से समाधान का आश्वासन तो मिलता है लेकिन कभी मांगे पूर्ण नहीं होती। कर्मियों ने समस्याओं के निराकरण के लिए विधायकों से संपर्क कर अपनी मांग को विधानसभा के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का आग्रह किया। शुक्रवार को नगर पंचायत के कर्मचारियों ने विधायक इन्द्रशाह मंडावी एवं भोलाराम साहू से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के दौरान सेवाराम, तिलक यादव, श्यामलाल यादव, सोफू जिलानी, रघुवेन्द्र खरे, जीवन पटेल, मकबूल खान, रामकुमार देवांगन, रामसाय पटेल, पीर खान, कंचन लकडा, कृष्णा पटेल, निजाम साय, विनोद धलेन्द्र आदि उपस्थित थे।



### ओल्ड पेंशन एवं नए सेटअप की मांग

निकाय कर्मचारियों ने हर माह एक तारीख को वेतन देने की मांग प्रमुखता से रखा है। उन्होंने बताया कि उन्हे तीन या चार माह में वेतन मिलता है जिससे वह कर्ज से लदे रहते है। उन्होंने निकाय कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन योजना, पदोन्नति के लिए नवीन सेटअप स्वीकृत करने की मांग की है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांगे 10 जुलाई तक पुरी नही हुई तो वह आगामी र 13 जुलाई से हड़ताल पर चले जाएंगे।

## राहुल गांधी के कोटा कार्यक्रम का प्रदर्शन



**छुईखदान।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ने गुजरात के कोटा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कार्यक्रम का वीडियो प्रदर्शन कांग्रेस भवन के सामने किया गया। कांग्रेस के नेता श्री गांधी ने गत दिनों छात्रों के साथ संवाद किया था। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमलदास साहू, रामकुमार पटेल, देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, संजय महोबिया, मनीष कोचर, अमन सोनी, राज सोलंकी, इशू दुबे, संदीप सिरमौर संहित अन्य ने मौजूद रहकर वीडियो को देखा।









## खबर संक्षेप

### शाला समिति की अध्यक्ष बनी रामेश्वरी

**कल्लूबंजारी।** प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के छात्रों के पालकों की उपस्थिति में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। पालकों की बैठक में रामेश्वरी मंडावी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर शिक्षक दिनेश कुरेटी ने समिति गठन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष के लिए रामेश्वरी मंडावी के नाम का प्रस्ताव राजकुमार पटेल एवं बाबूलाल पटेल ने किया जिसका सभी ने समर्थन किया।इस अवसर पर सरपंच चित्रा कोर्राम, टोमन ठाकुर, उमेन्दसिंह मंडावी एवं जाकेश साहू आदि मौजूद थे।



### प्रवेशोत्सव में प्रतिभावान बच्चे सम्मानित

**कल्लूबंजारी।** ग्राम की प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत एवं प्रतिभावान बच्चों का कैप पहनाकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि राजकुमार पटेल थे। अध्यक्षता रामेश्वरी मंडावी ने की। विशेष अतिथि टोमन ठाकुर, बाबूलाल पटेल एवं लक्ष्मीबाई थी। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रवेशोत्सव के उद्देश्य के बारे में बताते हुए नव प्रवेशी बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। सभा को अतिथियों के अलावा प्रधानपाठक उमेन्द मंडावी एवं जाकेश साहू ने संबोधित किया। इस दौरान कक्षा पांचवी के डिकाश कोमरे, संजना चन्द्रवंशी, रजनीश पटेल, आठवीं की उरांसी चन्द्रवंशी, ललेश्वर ताम्रकार, गुंजन खिलोरिया एवं लीलाधर यादव एवं अमन ठाकुर को शिक्षिका सुषमा नेताम के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा तैयार कैप एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान गीता कन्नौजे,दिनेश कुरेटी, चुम्मन भुआर्य, रामाधीन कोमरे, कृष्णाराम, भारतलाल, कांशीराम साहू, तिलकराम बढ़ई, शोभराय कार्ते, अखिलेश्वर ठाकुर, सुषमा नेताम, जगन्नाथ नेताम एवं चन्द्रकुमार उइके आदि उपस्थित थे।



### पुस्तक एवं साइकिल का वितरण

**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसरा में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पुस्तक एवं साइकिल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सभापति सीमा साहू थी। अध्यक्षता सरपंच गायत्री टेंभुरकर ने की। विशेष अतिथि रमेश्वरी वर्मा, ओम साहू, एवन वर्मा, कवल निर्मलकर, बजरंग साहू, खलील खान थे। इस दौरान कक्षा नवमी के विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया। छात्राओं को साइकिल दिया गया। इस दौरान प्राचार्य के. रघुनाथ, मुख्य अतिथि श्रीमती साहू, श्रीमती वर्मा, पूर्व सरपंच श्री निर्मलकर ने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, लगन एवं अनुशासन के साथ अध्ययन करने प्रेरित किया।



### नियुक्ति में एससी, एसटी वर्ग की उपेक्षा का आरोप

**गंडई पंडरिया।** जिले में एल्डरमैन की नियुक्ति होने के साथ ही राजनीतिक गलियारों में बवंडर मच गया है। पार्षद दिलीप ओगरे ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नियुक्ति में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का अपमान किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एल्डरमैन की नियुक्ति में एससी और एसटी वर्ग की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि गंडई नगर पंचायत में इन वर्गों की मजबूत उपस्थिति होने के बाद भी उन्हे प्रतिनिधित्व से वंचित रखना सरकार की संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह इन वर्गों का इस्तेमाल सिर्फ वोट बैंक के रूप में करती है। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं किन्तु जब सत्ता में हिस्सेदारी की बारी आती है तो दरकिनार कर दिया जाता है। इस उपेक्षा के चलते एससी और एसटी वर्ग के नागरिकों और कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। पार्षद ओगरे का कहना है कि यह केवल एक नियुक्ति का मामला नहीं, बल्कि समाज के एक बड़े वर्ग के साथ किया गया अन्याय है।



### तिलईरवार स्कूल में नए एसएमडीसी का गठन

**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार में विद्यार्थियों के पालकों की मीटिंग रखकर सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित एसएमडीसी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रेशमलाल पटेल को अध्यक्ष बनाया गया। सुमित्रा पाल उपाध्यक्ष, सचिव प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, सदस्य मोरध्वज चंद्रवंशी, शिवकुमार बघेल, नंदीका कुंजाम, सीएसबी कुंजाम, सरस्वती यादव, राजकुमार साहू, जनक यादव, भागीराम, सुमित्राबाई, लक्ष्मी साहू, लेमन, दसरू पाल, धनसाय कंवर स्टॉफ सदस्यों में से अनुराधा ढोक, असीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, पालकराम वर्मा आदि शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू द्वारा किया गया। बैठक पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का गुलाल टीका लगाकर, पुष्प गुच्छ से स्वागत सम्मान किया गया। अंत में सभी ने एकजुट होकर विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने की योजना बनाई ।



### इंटर डिस्ट्रिक्ट कराते टूर्नामेंट का आयोजन



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल एवं शिकोकाई कराते डू एससोशियेशन राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में गत दिनों एक दिवसीय इंटर डिस्ट्रिक्ट कराते टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय कस्तूरबा महिला मंडल राजनांदगांव में किया गया। आयोजन में राजनांदगांव जिले के विभिन्न स्कूलों के लगभग 125 छात्र-छात्राओं ने शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में नीलू शर्मा अध्यक्ष छग टूरिज्म बोर्ड समेत सिहान मुरलीसिंह भारद्वाज, शारदा तिवारी, सरस्वती माहेश्वरी, शीला कोठारी, अल्का जॉनी, साधना तिवारी, शोभा चोपड़ा, अम्बर सिंह भारद्वाज, सतीश पदम, दुर्गेश त्रिवेदी, जयप्रकाश साहू, दुर्गेश साहू, मोनिका पाढ़ी, लोकिता साहू, टिकेश्वर साहू, करण साहू, सुधा साहू, अन्नपूर्णा साहू, जयदीप सिन्हा, शेख हमजा, लोचन साहू सहित अकादमी के सीनियर खिलाड़ियों का सहयोग एवं सहभागिता रही।

## किसानों को पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

# धान की जगह कम पानी वाली फसलों के लिए करें प्रोत्साहित

### प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी मानसून की तैयारियों एवं कार्ययोजना के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

मंत्री श्री यादव ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते वर्षा ऋतु के दौरान आवश्यक सेवाओं को सुचारू बनाए रखने कहा। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिए। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, कलेक्टर जितेन्द्र यादव उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री श्री यादव ने विकसित भारत-जी राम जी (ग्रामीण रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन) योजना के अंतर्गत मेट के रूप में कार्य कर रहे ग्राम पंचायत सुंदरा के दिव्यांग चंद्रप्रकाश साहू एवं ग्राम पंचायत कोहका की दिव्यांग रंभा मंडावी को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, संतोष अग्रवाल, अपर कलेक्टर सीएल मारण्कडेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



#### बिना आवश्यक बिजली आपूर्ति बाधित न की जाए

प्रभारी मंत्री श्री यादव ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते कहा कि बिना आवश्यक कारण बिजली आपूर्ति बाधित न की जाए। यदि किसी तकनीकी कारण से बिजली बंद करना आवश्यक हो तो संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पूर्व सूचना दी जाए तथा समय-सारणी निर्धारित कर किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध विद्युत उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते कहा कि अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाया जाए। जिससे वे सौर ऊर्जा अपनाकर अपने बिजली बिल को शून्य कर सकें।

#### गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराएं

*प्रभारी मंत्री श्री यादव ने जिले में खरीफ फसल की स्थिति एवं कृषि विभाग की तैयारियों की समीक्षा करते किसानों को धान की जगह कम पानी में होने वाली वैकल्पिक फसलों के लिए प्रोत्साहित करने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लगातार गिरते भू-जल स्तर और जल संरक्षण की आवश्यकता को देखते किसानों को दलहन, तिलहन, सब्जी एवं अन्य कम पानी वाली लाभकारी फसलों की खेती के लिए प्रेरित करें तथा उन्हें पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराया जाए।*

#### समीक्षा की जाएगी

*कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का गंभीरता से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में मानसून के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर सभी कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी।*

#### सभी विभाग समंवय के साथ काम करें

*प्रभारी मंत्री श्री यादव ने स्वास्थ्य विभाग को वर्षा ऋतु में संभावित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में सर्पदंश एवं डॉग बाइट से संबंधित जीवनरक्षक दवाइयों एवं एंटी रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी चिकित्सालयों में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम विभिन्न चुनौतियां लेकर आता है। ऐसे समय में सभी विभाग सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न न हो और आम नागरिकों को समय पर आवश्यक सेवाएं उपलब्ध होती रहे। उन्होंने अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।*

## सीएम की जनहितकारी पहल से आम लोगों के लिए आसान हुई शासकीय सेवाओं की पहुंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में डिजिटल सेवा वितरण को सशक्त बनाने की दिशा में संचालित सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों के लिए प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। पोर्टल के माध्यम से शासकीय सेवाएं अब सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से घर बैठे उपलब्ध हो रही हैं।

- पोर्टल के माध्यम से शासकीय सेवाएं घर बैठे हो रही उपलब्ध

जिले के छुईखदान ब्लाक अंतर्गत ग्राम ओड़िया निवासी यश कुमारी साहू की सफलता की कहानी इस पहल की उपयोगिता को दर्शाती है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से उन्हें विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ, जिससे उनके विभिन्न शासकीय एवं व्यक्तिगत कार्यों के लिए आवश्यक दस्तावेज सहजता से उपलब्ध हो सके। विवाह प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पहले कार्यालयों के चक्कर लगाना पड़ता था जिससे समय और धन दोनों का अतिरिक्त व्यय होता था। आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी करने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसी दौरान श्रीमति साहू को सेवा सेतु पोर्टल की जानकारी मिली। उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक रही। निर्धारित समयावधि में उनका आवेदन निराकृत हुआ और उन्हें विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया। इससे उनकी महत्वपूर्ण आवश्यकता समय पर पूरी हुई तथा दस्तावेज प्राप्त करने में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिली।

#### पोर्टल की उपयोगिता की सराहना

विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद श्रीमती साहू ने सेवा सेतु पोर्टल की उपयोगिता की सराहना की। उन्होंने बताया कि अब सरकारी सेवाओं के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। घर बैठे आवेदन करने, आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त करने तथा समय पर सेवाएं मिलने से आम नागरिकों को बड़ी सुविधा मिल रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री व जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा सेतु पोर्टल ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हो रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में डिजिटल प्रशासन व नागरिक-केंद्रित सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित सेवा सेतु पोर्टल नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ शासन और आमजन के बीच विश्वास का सेतु भी बन रहा है।

## छत्तीसगढ़ कोटवार संघ ने दिया धरना, उठाई छह सूत्रीय मांग

### सरकार के रवैये पर जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ कोटवार संघ के प्रांतीय आह्वान पर डोंगरगढ़ एवं लालबहादुर नगर तहसील इकाई के तत्वावधान में तहसील मुख्यालय में कोटवारों ने धरना दिया। धरना में कोटवारों ने भाग लेकर छह सूत्रीय मांगों के प्रति सरकार के रवैए पर नाराजगी जताई और जल्द पूरा करने की मांग की। धरना के दौरान संघ के जिला सचिव राजनाथ मानिकपुरी ने कहा कि वर्तमान में कोटवारों को मात्र 6 हजार मानदेय दिया जा रहा है, जो बढ़ती महंगाई का देखते हुए अपर्याप्त है। उन्होंने कहा कि कम मानदेय में परिजनों की जरूरतों को पूरा करना कठिन हो गया है। उन्होंने मानदेय बढ़ाकर 15 हजार, नियमितीकरण, सुविधाओं का विस्तार तथा लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की।

#### नियुक्ति में अनियमितता

श्री मानिकपुरी ने कोटवार नियुक्ति में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी कोटवार के निधन अथवा पद रिक्त होने पर उसके परिवारिक सदस्य को प्राथमिकता दी जाए, लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रंगीटोला में अन्य को कोटवार नियुक्ति कर दिया गया है।

### जिले में अब तक 1123.1 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2026 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 1123.1 मिमी बारिश एवं औसत 160.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 175.5 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 201.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 205.8 मिमी, घुमका तहसील में 49 मिमी, छुरिया तहसील में 129.9 मिमी, कुमरदा तहसील में 205.3 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 156.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 205.8 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह रविवार को राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 354.8 मिमी एवं औसत 50.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 67 मिमी, लालबहादुर नगर तहसील में 42 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 85.6 मिमी, घुमका तहसील में 27.5 छुरिया तहसील में 23.2 मिमी, कुमरदा तहसील में 57 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 52.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## निःशुल्क नवोदय कोचिंग प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

शैक्षिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण प्रतिभावान बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु प्रशिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध एनआईसीसी ने निःशुल्क नवोदय कोचिंग का शुभारंभ किया है। शुभारंभ के मौके पर राजा गिरिराज किशोर दास विशेष रूप से उपस्थित थे। गिरिराज किशोर दास ने बच्चों की बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण के डिजिटल बोर्ड उपलब्ध कराया हैसाथ ही उक्त कक्ष में बिजली पंखा की व्यवस्था किया है।कार्यक्रम में एनआईसीसी की गतिविधियों से शिक्षक अवध चंदेल ने अवगत कराया। इस अवसर पर बीईओ गिरेंद्र सुधाकर ने कहा कि विकासखंड में शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाते रहेंगे। गिरिराज किशोर दास ने कहा कि इस पुनीत कार्य में निःशुल्क सेवा दे रहे शिक्षक निःसंदेह प्रशंसा के पात्र हैं। शिक्षा को लेकर भी सजगता दिखाना होगा।



#### 35 बच्चे हुए चयनित

जानकारी के अनुसार इस वर्ष नवोदय में 10, प्रयास विद्यालय हेतु 25 बच्चों का चयन विकासखंड से हुआ है। पिछले वर्ष भी लगभग इतने ही विद्यार्थियों का चयन हुआ था। इसके अतिरिक्त एमएमएनएस एवं सैनिक स्कूल के लिए भी बच्चों का चयन हुआ है। कार्यक्रम का संचालन डॉ सियाराम साहू ने किया।इस अवसर पर मनीष कोचर, प्रेमसिंग पाल, दोदेश्वर चंदेल, अवध चंदेल, दिग्विजयदास वैष्णव, हरप्रसाद वर्मा, संजीव धुर्वे, कुंभलाल जंघेल, निर्मला जंघेल, अनिरूद्ध पालेश्वर, राजूदास मानिकपुरी, शांतनुराम नेताम , चंद्राकर जी तथा अन्य उपस्थित थे।

### व्यापारिक संगठनों की शिकायतों पर जांच समिति गठित

*__राजनांदगांव।__ कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिले के विभिन्न व्यापारी एवं व्यावसायिक संगठनों द्वारा अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन तरूण बिरला के कार्य व्यवहार एवं कार्यप्रणाली को लेकर प्रस्तुत शिकायतों के आधार पर जांच समिति का गठन किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, थोक किराना व्यापारी संघ, होटल हलवाई संघ, फूड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सहित अन्य व्यापारी संगठनों द्वारा अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन तरूण बिरला के कार्यप्रणाली के कारण व्यापारियों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित एवं परेशान करने की शिकायत की गई है। साथ ही व्यापारिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के संबंध में आरोप लगाए गए हैं। कलेक्टर ने प्रकरण की गंभीरता को देखते तीन सदस्यीय जांच समिति गठित किया है। जांच समिति द्वारा प्राप्त शिकायतों में लगाए गए आरोपों की बिंदुवार जांच करते संबंधित पक्षों के कथन एवं उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण किया जाएगा।*

## नव जीवन मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में उपचार से मरीज को मिली उम्मीद

- विभिन्न विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा हो रहा ईलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव रोड स्थित नव जीवन मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल लगातार गंभीर एवं जटिल बीमारियों से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञा चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। अस्पताल में मेडिसिन, न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रो-एंटरोलॉजी सहित विभिन्न विशेषज्ञताओं के मरीजों का उपचार किया जाता है। ऐसे ही एक मामले में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. चेतन साहू ने 60 वर्षीय महिला मरीज में दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल बीमारी एमयोट्रोफिक लैटरल स्क्लेरोसिस की समय पर पहचान कर उपचार प्रारंभ किया। जिसके बाद मरीज की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। मरीज को लगभग डेढ़ महीने से भोजन निगलने में कठिनाई, बोलने में परेशानी एवं आवाज अस्पष्ट होने की शिकायत थी। गंभीर स्थिति के कारण मरीज को नासोगैसट्रिक फीडिंग ट्यूब के माध्यम से पोषण दिया जा रहा था। डॉ. चेतन साहू ने बताया कि एएलएस के शुरूआती लक्षण कई बार लकवे जैसे प्रतीत ही सकते हैं, इसलिए समय पर सही पहचान और विशेषझ उपचार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का शीघ्र निदान मरीज के लक्षणों के बेहतर प्रबंधन तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

#### लगातार निगरानी के बाद मिला निदान

विस्तृत परीक्षण एवं लगातार निगरानी के बाद मरीज को निदान मिला। उपचार शुरू होने के लगभग एक माह बाद ही मरीज की स्थिति में सकारात्मक सुधार हुआ। अब मरीज पहले की तुलना में स्पष्ट रूप से बातचीत कर पा रही है तथा स्वयं भोजन भी ग्रहाण कर रही है। नव जीवन मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्देश्य गंभीर एवं जटिल रोगों के मरीजों को एक ही स्थान पर आधुनिक जांच, विशेषझ परामर्श और समग्र उपचार उपलब्ध कराना है। अस्पताल में न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सहित अनेक गंभीर रोगों के मरीजों का नियमित उपचार किया जा रहा है।

### निवर्तमान ईडी सेलट ने सौंपी कमान

# मुख्य अभियंता मेश्राम ने सम्हाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के राजनांदगांव क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल संपन्न हुआ। कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा 01 जुलाई 2026 को जारी स्थानांतरण आदेश के परिपालन में हर्ष कुमार मेश्राम ने राजनांदगांव क्षेत्र के नए मुख्य अभियंता के रूप में आधिकारिक तौर पर अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। शहर के पारींनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी।



पदभार ग्रहण करने के पश्चात कंपनी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते नए मुख्य अभियंता एचके मेश्राम ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चारों जिलों राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं कबीरधाम में विद्युत विकास की गति को आगे बढ़ाने पूरी टीमवर्क के साथ सतत प्रयासरत रहेंगे। इन चारों जिलों में निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण विद्युत व्यवस्था बनाए रखना और उत्कृष्ट उपभोक्ता सेवा प्रदान करना पहली प्राथमिकता होगी।

साथ ही कार्यपालन अभियंता एनके साहू, बीरबल उइके, आरके गोस्वामी, सीमा ढील, कौशलेन्द्र पांडे, एमके साहू, शोबी शर्मा, रविकांत शर्मा और वरिष्ठ लेखाधिकारी भावेश वाल्दे सहित कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने नवपदस्थ मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम को पुष्पगुच्छ भेंट कर पदभार ग्रहण करने की बधाई दी। निवर्तमान ईडी शिरीष सेलट को भी उनके भावी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। समारोह का मंच संचालन धर्मेन्द्र शाह मंडावी द्वारा किया गया।

#### विदाई समारोह का आयोजन

निवर्तमान कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट का स्थानांतरण दुर्ग क्षेत्र में इसी पद पर हुआ है। उनके स्थानांतरण पर कार्यालय के सभागार में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री सेलट 4 अक्टूबर 2024 को राजनांदगांव में मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थ हुए थे और अपनी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के चलते यहीं कार्यपालक निदेशक के पद पर पदोन्नत हुए थे। अपने कार्यकाल के दौरान वे अपनी कर्मठता, मिलनसार व्यवहार, समय की पाबंदी और शानदार कार्यशैली के लिए लोकप्रिय रहे। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में विद्युत विकास और बुनियादी ढांचे के कई महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर एके गौराहा, मंगल तिर्की, शंकेश्वर कंवर, केसी खोटे उपस्थित रहे।

## छेड़छाड़ का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 जुलाई को सुबह 4.30 बजे पीड़िता सीढ़ी पर थी। इस समय आरोपी बात करना है, कहकर बुलाया और बुरी नीयत से हाथ पकड़कर अश्लील हरकत करने का प्रयास किया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी हमिद खान 43 वर्ष पेंडरी को थाना लालबाग जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 74 बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीकृत विवेचना में लिया गया।

## सार समाचार

### शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में घुमका तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पटेवा में राजस्व विभाग की टीम ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। तहसीलदार घुमका मुकेश ठाकुर के नेतृत्व में राजस्व अमले ने ग्राम पंचायत पटेवा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 796/1 का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पीतांबर यादव, ठाकुरराम यादव एवं खेदूराम साहू द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया जाना पाया गया।



राजस्व टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते बुलडोजर चलाकर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया तथा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की स्थानीय प्यारेलाल स्कूल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्व. प्रशांत तिवारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोकसभा के दौरान संगठन के सचिव वीरेंद्र श्रीवास्तव, नवनियुक्त अध्यक्ष तुलसीराम साहू, अरुणा साठे, हेमलता राव, तिलकदास वर्मा, एसपी साहू, अर्जुन साहू, भूषण साहू और अन्य सदस्यों ने उन्हें याद करते कहा कि उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती। तत्पश्चात सर्वसम्मति से नए अध्यक्ष के रूप में तुलसीराम साहू का चयन किया गया और सदस्यों ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। उपरोक्त जानकारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रचार सचिव रमेश राव गायकवाड ने दी।



### चैनकुमार को विस अध्यक्ष ने किया सम्मानित

**राजनांदगांव।** निषाद समाज राजनांदगांव संस्कारधानी में सामाजिक भवन छात्रावास लोकार्पण पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने निषाद समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवी मीडिया प्रभारी चैन कुमार सोनवानी निषाद, चुनाव अधिकारी बसंत लारिया, सोहन निषाद, कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दाताराम निषाद, महासचिव टीकम निषाद को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।



### शीतला मंदिर में जनसहयोग से छत ढलाई



**राजनांदगांव।** श्री शीतला माता मंदिर के द्वितीय तल छत की ढलाई के कार्यक्रम में गौरीनगर के सभी सनातन धर्मप्रेमी बंधुओं सहित शिव बजरंग शीतला माता धर्मार्थ एवं सेवा समिति के गणमान्य सदस्य उपस्थित होकर पूजन का कार्यक्रम संपन्न किए।

### राशि ने शतरंज खेल में बढ़ाया प्रदेश का मान

**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री की छात्रा राशि वरूड़कर ने सीजी स्टेट अंडर-09 चेस चैम्पियनशिप 2026 के गर्ल्स वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते फर्स्ट रनर-अप का स्थान हासिल किया। जिला चेस एकेडमी रायपुर के लिए गर्व का क्षण है। एकेडमी की प्रतिभाशाली बालिका खिलाड़ी के इस उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ उनका चयन आगामी नेशनल अंडर-09 चेस चैम्पियनशिप के लिए भी हो गया है। उनकी इस सफलता से जिला चेस एकेडमी रायपुर के प्रशिक्षकों, अभिभावकों और शतरंज प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। शाला के लिए यह गौरवान्वित क्षण है। इनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य भारती गौते, शाला निदेशकगण एवं खेल विभाग प्रभारी हिमांशु यादव सहित शाला परिवार ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।



### आरसेटी में द्वितीय बैच का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** बड़ौदा आरसेटी राजनांदगांव में ए-हेल्प (ए-हेल्प- पशु सखी) के द्वितीय बैच का शुभारंभ 1 जुलाई से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अग्रणी प्रबंधक मुनीश शर्मा, विशिष्ट अतिथि जिला मिशन प्रबंधन इकाई के पिनाकी देसरकार उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के तत्वावधान में वैष्णव मंडल डोंगरगढ़ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष पूरन दास वैष्णव व अध्यक्षता महामंडलेश्वर मुरलीशरण वैष्णव ने की। विशिष्ट अतिथि महासचिव अशोक वैष्णव एवं उपाध्यक्ष गणेशदास वैष्णव उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ भगवान लक्ष्मीनारायण की पूजा-अर्चना से किया गया।



बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें ढारा केंद्र के अध्यक्ष के अस्वस्थ होने के कारण सर्वसम्मति से नई बॉडी का गठन किया गया। जिसमें केंद्र अध्यक्ष योगेश वैष्णव, उपाध्यक्ष शिव वैष्णव, सचिव मनोहर दास वैष्णव, कोषाध्यक्ष भूषण वैष्णव निर्विरोध निर्वाचित किए गए। सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव करना छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा की पहचान है। बैठक में वैष्णव मंडल डोंगरगढ़ को सशक्त, संगठित एवं शक्तिशाली बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही डोंगरगढ़-अछोली में प्रस्तावित भवन निर्माण कार्य को गति देने पर विशेष चर्चा हुई। मंडलेश्वर अमित वैष्णव द्वारा मंडल के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय पदाधिकारियों ने समाज को संबोधित किया। अंत में मंडलेश्वर अमित वैष्णव द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पहली बारिश में ही आलीवारा रेलवे ओवरब्रिज की सड़क में दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


जिले के आलीवारा में नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज पहली बारिश भी नहीं झेल पाई। यहां ओवरब्रिज की सड़क में लंबी-लंबी दरारें पड़ गई है। वहीं सड़क भी धंस रही है।

ओवरब्रिज की एप्रोच रोड से लेकर ब्रिज के ऊपर तक सड़क में जगह-जगह लंबी दरारें दिखाई दे रही है। ओवरब्रिज के अगल-बगल बाउंड्रीवाल से सड़क धंस रही है। वहीं सड़क से डामर भी उखड़ने लगी है। आलम यह है कि नवनिर्मित यह ब्रिज जर्जर नजर आ रही है।

## नवनिर्मित ब्रिज हुआ जर्जर, सड़क से उखड़ने लगी डामर

### दुर्घटना की संभावना

*बारिश के बीच ओवरब्रिज में पड़ी दरारों की वजह से सड़क उखड़ रही है। जिससे दो पहिया वाहन अनियंत्रित हो रहे हैं। वहीं ब्रिज के ऊपर सड़क के किनारे मटेरियल फैले होने के चलते भी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। ओवरब्रिज की सड़क के साथ इसकी बाउंड्रीवाल में भी दरारें दिखाई दे रही है।*





### गुणवत्ता पर उठे थे सवाल

*ओवरब्रिज निर्माण के दौरान ही इसकी गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठे थे। इसके बाद भी तकनीकी अधिकारियों द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया गया। ओवरब्रिज निर्माण के बाद बारिश में निर्माण कार्य की स्तरहीन गुणवत्ता सामने आने लगी है। वहीं जल्द मरम्मत नहीं होने की स्थिति में यहां दुर्घटना हो सकती है।*

केंद्र सरकार की योजना के तहत सुचारू रेल यातायात के उद्देश्य से ग्राम आलीवारा में इस ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है।

करोड़ों रुपए की लागत से बनी यह ब्रिज भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है। नवनिर्मित इस रेलवे ओवरब्रिज की सड़कों में पहली बारिश के दौरान ही दरारें पड़ने से सड़क धंसने को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा इस पर कार्रवाई करने और निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच की मांग भी की जा रही है।

## मेयर, कलेक्टर और आयुक्त ने शहर का किया दौरा

# आधी रात की मूसलाधार बारिश के बाद सुबह सड़कों पर उतरी निगम की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कल रात से लगातार बारिश होने पर रविवार सुबह महापौर मधुसूदन यादव, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैंकी बग्गा पानी भरान क्षेत्र चिखली, इंदिरा नगर, नंदई, बसंतपुर अस्पताल, मोहारा, लखोली सहित शहर में भ्रमण किया एवं शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्र के नाली-नालों की सफाई का निरीक्षण कर जेसीबी से नालों में फंसे कचरे निकलवा एवं पानी भरान क्षेत्र से कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी करवाए। इसी प्रकार वार्डों में पार्षद तथा कार्यपालन अभियंता सहित तकनीकी अधिकारी एवं स्वास्थ्य अमला सुबह से अपने-अपने क्षेत्र में पानी निकासी के लिए लगे रहे। कलेक्टर जितेन्द्र यादव भी लगातार मानिटरिंग करते रहे।

महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री विकश्वकर्मा रविवार अत्याधिक बारिश होने पर शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्रों में पानी भरान की स्थिति का जायजा लिया और पानी भरे क्षेत्रों से जेसीबी के माध्यम से तथा निगम अमला से पानी निकासी कराया। ममता नगर अंडरब्रिज में पंप लगाकर पानी निकासी कराई गई। उन्होंने जीई रोड, बसंतपुर जिला अस्पताल, हाट बाजार, नंदई, इंदिरा नगर, राजीव नगर, आरके नगर, ममता नगर अंडरब्रिज, मोतीपुर, कौलाश नगर, लखोली, केशर नगर, चिखली के निचली एवं झुग्गी बस्ती के घरों के आसपास पानी भरने पर जेसीबी से कच्ची नाली खोदवाकर पानी निकासी कराया। वहीं नाली के ऊपर निर्माण व नाली में कचरा फंसने पर जेसीबी के माध्यम से नाले में फंसे कचरे को निकलवाकर सफाई कराया। उन्होंने कहा कि निचली बस्तियों में अल्प वर्षा में पानी भरान की स्थिति निर्मित हो जाती है।



### नियमित हो सफाई

*आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने तकनीकी अधिकारियों व स्वास्थ्य अमला से कहा कि निचली बस्ती, जल भरान क्षेत्र एवं गड्डों में पानी भरान वाले जगह से कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी कराया जाए। सभी वार्डों में नियमित रूप से साफ-सफाई कर कचरा उठाया जाए।*

### पानी भरान से मिलेगी निजात

*महापौर श्री यादव ने बताया कि जिस प्रकार जिला चिकित्सालय को ऊपर उठाने से अंदर पानी भरने से छुटकारा मिला। इसी प्रकार शहर में चल रहे नाला निर्माण से आगामी वर्षों में इतनी परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शासन स्वीकृति अनुसार नार कन्हैया नाला जो इंदिरा नगर, नंदई आदि क्षेत्रों से जाती है, उसके कच्चा भाग तथा सकरा भाग को तोड़कर नाला निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में लोहा बाडा क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण चलने से थोड़ी परेशानी हो रही है। इसी प्रकार गोकुल नगर की ओर जाने वाली नाले को भी बनाने प्रक्रिया चल रही है। इन सब नालों के बन जाने से आगामी वर्षों में पानी भरान की स्थिति से निजात मिलेगा।*

## चित्रकला प्रतियोगिता में प्रवीण ने पहला स्थान हासिल किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भिलाई सेक्टर 4 के एसएनजी स्कूल में कला कृति महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें डांस, संगीत और चित्रकला की प्रतियोगिताएं हुई। प्रतियोगिता में अलग-अलग जिले के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। राजनांदगांव के प्रवीण सहारे ने ड्राइंग काम्पिटिशन में पहला स्थान हासिल किया है। प्रवीण द्वारा पोस्टर कलर पर उकेरी गई तस्वीर को निर्णायकों ने सराहा। ड्राइंग काम्पिटिशन में दूसरा स्थान भिलाई की श्रेया तिवारी और तीसरा स्थान मुंगेली की मानवी साहू ने प्राप्त किया। कला कृति महोत्सव के संस्थापक रोशन देवांगन, गुंजन देवांगन और शशिकला पोद्दार ने सभी प्रतिभागियों का हिस्सा उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नौगई हत्याकांड की जांच सीबीआई को सौंपी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कोरिया जिले के सोनहत में हुए बीते सप्ताह वीभत्स एवं जघन्य आगजनी हत्याकांड ने पूरे छत्तीसगढ़ को झकझोर कर रख दिया है। एक ही परिवार के लोगों को सुनियोजित तरीके से जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार देना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है।

इस मामले में पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने श्री राजपूत करणी सेना (कालवी विचारधारा) लगातार मोर्चा सम्हाले हुए हैं और अब पहली सफलता उन्हें तब मिली, जब उक्त हत्याकांड की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है।

कोरिया में हुए जघन्य हत्याकांड के विरोध में श्री राजपूत करणी सेना द्वारा प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन, गृहमंत्री का पुतला दहन एवं ज्ञापन सौंपकर प्रदेश सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि पीड़ति परिवार को न्याय दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा।

श्री बहादुर सिंह ने विज्ञप्ति जारी करते कहा कि हमारी पहली मांग मान ली गई है और मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है। यह हमारे प्रदर्शन की पहली सफलता है, लेकिन श्री राजपूत करणी सेना तब तक शांत नहीं बैठेगी, जब तक अपराधियों को फांसी ना हो जाए और उनके घर पर जब तक बुलडोजर कार्रवाई ना हो जाए।

### 18 कर्मियों को समयमान वेतनमान का लाभ मिला

**राजनांदगांव।** शासन के नियमानुसार शासकीय सेवकों को उनकी सेवा अवधि में वरिष्ठता के आधार पर समय-समय पर पदोन्नति एवं समयमान-वेतनमान का लाभ दिया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में नगर निगम राजनांदगांव के 18 कर्मचारियों को उनकी सेवा अवधि के 10, 20 व 30 वर्ष पूर्ण होने पर समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया। समयमान-वेतनमान के लाभ के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी आदेश के परिपालन में निकाय के अधिकारियों व कर्मचारियों को उनकी सेवा अवधि में निर्धारित समयकाल पूर्ण होने पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया। उन्होंने बताया कि निगम में कार्यरत 11 कर्मचारियों को तृतीय समयमान वेतनमान तथा 6 को द्वितीय व 1 कर्मचारी को प्रथम इस प्रकार कुल 18 कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया।

## जयंती पर प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय बौद्ध महासभा बिलासपुर द्वारा आरक्षण के जनक एवं समाज सुधारक क्षत्रपति शाहूजी महाराज की जिला स्तरीय जयंती डॉ. आंबेडकर स्कूल मगरपारा बिलासपुर में मनाई गई। कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बौद्ध धम्म से संबंधित पुस्तकें, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर "शिक्षा रत्न सम्मान" से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा क्षत्रपति शाहूजी महाराज एवं डॉ. बाबा साहब आंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन तथा बुद्ध वंदना के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष दिपांकर खोब्रागड़े ने अपने संबोधन में कहा कि शाहूजी महाराज ने शिक्षा और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा पर बल देते कहा कि शिक्षित समाज ही विकास और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है।




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते भारतीय बौद्ध महासभा बिलासपुर के जिला अध्यक्ष राजेश हुमने ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते अधिक परिश्रम और उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज सम्मानित विद्यार्थियों की उपलब्धियां अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

इस अवसर पर महेश चंद्रिकापुरे, सारंगराव हुमने, प्रफुल्ल गेडाम, सुनीता शेंडे एवं राजा नंदेश्वर सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार दिपांकर खोब्रागड़े एवं बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव की पूरी टीम का स्वागत, सत्कार एवं अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सरोज हुमने एवं श्वेता गेडाम व आभार प्रदर्शन मनोज बौद्ध द्वारा किया गया। समारोह में राजनांदगांव और बिलासपुर से आए अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं, उपासक-उपासिकाओं तथा सैकड़ों लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## गर्भवती माताओं के घर पहुंचकर जाना हालचाल

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बुधवार शाम शहर के गौरीनगर वार्ड का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डवासियों से चर्चा कर पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं (एचआरपी) के घर पहुंचकर उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं की विशेष निगरानी एवं देखभाल के लिए विशेष स्वास्थ्य अभियान संचालित किया जा रहा है।

## मुखर्जी की 125वीं जयंती पर संगोष्ठी



**राजनांदगांव।** भाजपा द्वारा राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रखर पुरोधा भारतीय जन संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती को देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व नेता एवं विधायक नारायण चंदेल जी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं डिकेश साहू ने सभी मोर्चा प्रकोष्ठ एवं भाजपा के मंडल तथा जिले के पदाधिकारी को उपस्थित का आह्वान किया है।

### कलेक्टर के निर्देश पर अफसरों ने किया दौरा

# बाढ़ संभावित क्षेत्रों पर प्रशासन की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में लगातार हो रही तेज बारिश को देखते कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की सतत निगरानी करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लगातार वर्षा के कारण नदी-नालों के तटवर्ती क्षेत्रों एवं निचले इलाकों में जलभराव की संभावना बनी हुई है। ऐसे में सभी अधिकारी पूर्ण सतर्कता के साथ क्षेत्र का नियमित निरीक्षण करते रहें तथा स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखें। कलेक्टर ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे तेज बारिश के दौरान नदी-नालों एवं तटवर्ती क्षेत्रों में अनावश्यक न जाएं तथा प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करें। बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते जिला प्रशासन द्वारा नदी के तटीय क्षेत्रों में लगातार मुनादी कराकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं।



### ग्रामीणों को किया अलर्ट

एसडीएम डोंगरगांव ने ग्राम बगदई, रूदगांव एवं कोहका सहित बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। से जलभराव वाले क्षेत्रों के समीप अनावश्यक रूप से नहीं जाने तथा सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई। सीईओ जनपद पंचायत छुरिया द्वारा भी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।

### डोंगरगढ़ में जलभराव की निकासी

कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त द्वारा राजनांदगांव शहर के जलभराव संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान टिम्बर मार्केट, जिला अस्पताल परिसर, राजीव नगर, ममता नगर, डीएफओ बंगले के पीछे तथा नंदई चौक क्षेत्र का जायजा लिया गया। वर्तमान में सभी स्थानों पर स्थिति सामान्य है। इसी प्रकार एसडीएम डोंगरगढ़ ने डोंगरगढ़ शहर के केदारबाड़ी एवं वार्ड क्र. 3 का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## खबर संक्षेप

### दूसरी बार कैलाश मानसरोवर यात्रा पर निकले राजेश

**कोलेगांव।** भगवान शिव के परम भक्त एवं कबीरधाम निवासी पंच



कैलाशी पं राजेश शुक्ला एक बार फिर विश्व की सबसे कठिन और पवित्र धार्मिक यात्राओं में शामिल कैलाश मानसरोवर यात्रा पर रवाना हो गए हैं। यह उनकी दूसरी कैलाश यात्रा है। इससे पहले उन्होंने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे के मार्ग से कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूरी की थी, जबकि इस बार वे सिक्किम के नाथुला दर्रे के रास्ते चीन में प्रवेश कर भगवान भोलेनाथ के पावन धाम के दर्शन के लिए निकले हैं। जगन्नाथ सेवा समिति के वैचारिक सहयोगी पं राजेश शुक्ला अपनी धार्मिक आस्था और सनातन परंपराओं के प्रति समर्पण के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते हैं। कठिन हिमालयी मार्ग, कम ऑक्सीजन, विषम मौसम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद दूसरी बार इस दिव्य यात्रा का संकल्प लेना उनकी अटूट श्रद्धा, दृढ़ इच्छाशक्ति और आध्यात्मिक साधना का प्रतीक माना जा रहा है। कैलाश पर्वत को भगवान शिव का निवास और मानसरोवर झील को अत्यंत पवित्र तीर्थ माना जाता है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालु इस कठिन यात्रा का सपना देखते हैं, लेकिन सीमित अवसर और कठिन परिस्थितियों के कारण चुनिंदा श्रद्धालुओं को ही यह सौभाग्य प्राप्त हो पाता है। ऐसे में दूसरी बार कैलाश यात्रा पर जाना अपने आप में विशेष उपलब्धि मानी जाती है। पं राजेश शुक्ला के यात्रा पर रवाना होने पर उनके शुभचिंतकों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी सुरक्षित, सफल और मंगलमय यात्रा की कामना की है। सभी ने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की है कि वे कैलाश मानसरोवर के दिव्य दर्शन कर सकुशल लौटें और अपने आध्यात्मिक अनुभवों से समाज को भी प्रेरित करें।

### ब्लॉक कांग्रेस कुण्डा की बैठक में अर्जुन होंगे शामिल

**कोलेगांव।** कुण्डा ब्लॉक से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि तथा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अर्जुन तिवारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा की मासिक बैठक में शामिल होंगे, यह बैठक ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा सोमवार को आहूत किया गया, जिसमे संगठनात्मक विषयों के अलावा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। जिला कांग्रेस कबीरधाम कुण्डा द्वारा ब्लॉक के लिए नियुक्त प्रभारी दिनेश कोसरिया भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

---

मानदेय वृद्धि, राजस्व विभाग में संविलियन व बेगारी पर रोक की उठाई मांग

# नियमितीकरण सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना

■ मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया**

कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के बैनर तले पंडरिया तहसील के कोटवारों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) संदीप ठाकुर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम छह सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की गई।

कोटवारों ने कहा कि वे पीढ़ियों से शासन-प्रशासन और ग्रामीण व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य कर रहे हैं, लेकिन आज भी उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला है। नाममात्र के मानदेय में परिवार का पालन-पोषण करना कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान अध्यक्ष दिलीपदास मानिकपुरी, छोछु सिंह, सचिव किशुनदास, लक्ष्मणदास, सुरेश, शत्रुहन, श्रवणदास, मिथुन साकत, बुधसिंह, दौवासिंह, धर्मेन्द्र, जानु, महेश पुजेरी, केजहादास, देवा, भगतराम, सरदार, गोविंद सहित पदाधिकारी उपस्थित थें। सभी ने मुख्यमंत्री से कोटवारों के हित में शीघ्र न्यायोचित निर्णय लेने की मांग की।

**कोटवारों ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन**




ज्ञापन में कोटवारों ने सभी कोटवारों का नियमितीकरण कर राजस्व विभाग में संविलियन, महंगाई के अनुरूप मानदेय में वृद्धि, सेवानिवृत्त कोटवार के परिवार के सदस्य को नियुक्ति में प्राथमिकता, कोटवारी नियुक्ति में कथित भ्रष्टाचार पर रोक, राजस्व अधिकारियों द्वारा कराई जाने वाली अतिरिक्त बेगारी समाप्त करने तथा बिना निष्पक्ष जांच के निलंबन या पदमुक्ति जैसी कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही नगरीय निकाय क्षेत्रों में कोटवार नियुक्ति पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग भी उठाई गई। एसोसिएशन ने विभिन्न श्रेणियों के कोटवारों के लिए वर्तमान मानदेय में वृद्धि कर न्यूनतम 8 हजार रुपए से लेकर अधिकतम 15 हजार रुपए प्रतिमाह किए जाने का प्रस्ताव भी शासन के समक्ष रखा है। उनका कहना है कि वर्तमान पारिश्रमिक जीवन-यापन के लिए पर्याप्त नहीं है।

---

# सहकारिता सप्ताह के तहत आयोजित हुए जनहित व जागरुकता कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा**

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई 2026 तक जिले में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में सप्ताहभर से चल रहे इस अभियान के दौरान सहकारिता विभाग द्वारा किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को सहकारिता आंदोलन से जोड़ने तथा पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सहकारिता सप्ताह का जिला स्तरीय समापन समारोह 6 जुलाई को शासकीय पी.जी. कॉलेज ग्राउंड (कॉलेज डोम), कवर्धा में आयोजित होगा। सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत जिले की सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। समिति परिसरों एवं उपलब्ध भूमि पर नीम, पीपल, जामुन, आंवला, गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। पौधरोपण के साथ ही उनकी नियमित देखभाल एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान स्थायी रूप से सफल हो सके। सहकारिता के महत्व से युवाओं को परिचित कराने के उद्देश्य से शासकीय राजमाता विजियाराजे स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा और पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को सहकारिता आंदोलन के इतिहास, उसके सामाजिक एवं आर्थिक महत्व तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

उत्कृष्ट प्रतिभागियों को जिला स्तरीय समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। सेवा सहकारी समिति मर्यादित सहसपुर लोहारा में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से परिचित कराने के लिए ड्रोन के माध्यम से तरल उर्वरक छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि ड्रोन तकनीक के उपयोग से कम समय में अधिक क्षेत्र में समान रूप से उर्वरक का छिड़काव संभव है, जिससे श्रम, समय और लागत की बचत होने के साथ कृषि उत्पादन बढ़ाने में भी सहायता मिलती है।

### प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों में लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुकदूर एवं बिरकोना के प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच, आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श तथा चिकित्सकों द्वारा लिखी गई आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने इन शिविरों का लाभ उठाया।

---

# जलभराव से जनजीवन प्रभावित, स्कूल आंगनबाड़ी और मुख्य मार्ग बने तालाब



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर**

जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बरबसपुर के आश्रित ग्राम बीजाझोरी में बारिश के बाद जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। गांव के प्राथमिक स्कूल परिसर, आंगनबाड़ी केंद्र, तालाब और खेत-खलिहान तक जाने वाले प्रमुख मार्गों पर घुटनों तक पानी भर जाने से ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, शिक्षकों, बुजुर्गों और किसानों को उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों के अनुसार बारिश का पानी और घरों से निकलने वाला गंदा पानी बीच बस्ती में जमा हो गया है, जिससे कई स्थानों पर कीचड़ और दलदल जैसी स्थिति बन गई है। प्राथमिक स्कूल के प्रवेश मार्ग और परिसर में पानी भरने से बच्चों एवं स्कूल स्टाफ को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीण घनाराम यादव ने बताया कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए स्कूल मार्ग पर तत्काल बजरी डाली जानी चाहिए, ताकि बच्चों और शिक्षकों को राहत मिल सके। इसके अलावा तालाब तक जाने वाला मार्ग पूरी तरह दलदल में तब्दील हो गया है, जिससे लोगों का आना-जाना लगभग बंद हो गया है। उन्होंने इस मार्ग पर नाली और सीसी सड़क निर्माण की मांग भी की है।

ग्रामीणों ने बताया कि खेत-खलिहान तक पहुंचने वाले रास्ते पर भी घुटनों तक पानी जमा है, जिससे किसानों को खेती-किसानी के कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यहां उचित जल निकासी के लिए पाइप पुलिया की व्यवस्था की जानी चाहिए। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत से मांग की है कि बरसात के दौरान उत्पन्न इस गंभीर समस्या का तत्काल संज्ञान लेकर अस्थायी राहत के लिए बजरी डलवाई जाए तथा स्थायी समाधान के रूप में नाली, सीसी सड़क और जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

---

# रामजानकी मंदिर में नए ट्रस्ट गठन के प्रस्ताव का संत समाज ने किया विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ निर्मोही अखाड़े से जुड़े मंदिर में सरकारी हस्तक्षेप का आरोप

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा**

नगर पंचायत पिपरिया स्थित श्री रामजानकी (छोटे) मंदिर में नए ट्रस्ट गठन के प्रस्ताव को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मामले को लेकर संत समाज ने जिला मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर नगर पंचायत प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाया तथा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की।

संत समाज का आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा मंदिर के लिए नए ट्रस्ट गठन का प्रस्ताव पारित कर कलेक्टर को भेजा गया है, जबकि मंदिर पहले से ही निर्मोही अखाड़े से संबद्ध संस्था के अधीन संचालित है। संतों का कहना है कि इस निर्णय से संत समाज में गहरा आक्रोश है।



प्रेसवार्ता में संतों ने कहा कि श्री रामजानकी (छोटे) मंदिर के महंत मोहित दास निर्मोही अखाड़े से जुड़े हैं। निर्मोही अखाड़ा स्वयं एक पंजीकृत धार्मिक संस्था है, जिसका अपना ट्रस्ट और व्यवस्थागत ढांचा है। ऐसे में मंदिर के लिए अलग से सरकारी ट्रस्ट बनाने की पहल न केवल अनुचित है, बल्कि धार्मिक परंपराओं और अखाड़ा व्यवस्था में अनावश्यक हस्तक्षेप भी है। संत समाज ने स्पष्ट किया कि यदि किसी महंत द्वारा भगवान की संपत्ति का दुरुपयोग या अवैध विक्रय किया जाता है तो उसका विरोध स्वयं संत समाज करेगा। हालांकि उनका कहना है कि महंत मोहित दास द्वारा प्रशासनिक अनुमति से लगभग 60 डिसमिल भूमि का विक्रय किया गया था, जिसकी राशि से मंदिर का नवीन निर्माण तथा अन्य आवश्यक निर्माण कार्य कराए गए हैं। संतों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि श्री रामजानकी (छोटे) मंदिर से संबंधित किसी भी प्रकार के नए ट्रस्ट गठन की प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए तथा मंदिर की पारंपरिक व्यवस्था और अखाड़ा प्रणाली का सम्मान किया जाए। मामले को लेकर अब संत समाज की ओर से प्रशासन के निर्णय पर नजर बनी हुई है। वहीं प्रशासन की ओर से इस संबंध में आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आना शेष है।

---

### बच्चे को सांप ने डसा इलाज से बची जान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा**

बरसात का मौसम शुरू होते ही वनांचल क्षेत्र में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ रही हैं। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे ग्राम लूप का 15 वर्षीय शिवकुमार धुर्वे पिता धुरसिंह धुर्वे हॉस्टल के पास सड़क किनारे खेल रहा था। इसी दौरान उसे सांप ने डस लिया। परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला लेकर पहुंचे। वहां उसका इलाज जारी है। बताया जाता है कि समय पर अस्पताल पहुंचने से बच्चे की हालत सामान्य है। उसे एंटी स्नेक वेनम एएसवी दिया गया। शुरुआती जांच में पता चला कि सांप विषैला नहीं था। इलाज का असर जल्दी हुआ।

---

# कक्षा 1 ली से 5 वीं के विद्यार्थी कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल जाने को मजबूर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव**

ग्राम पंचायत पटुवा के आश्रित शासकीय प्राथमिक शाला जैतपुरी एवं आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचने वाला मार्ग बरसात के मौसम में पूरी तरह कीचड़ से भर गया है। ऐसे में कक्षा 1 ली से 5 वीं तक के छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर स्कूल आना-जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के दौरान यही स्थिति बन जाती है। सड़क नहीं होने और सीसी रोड या मुरूम की व्यवस्था के अभाव में



बच्चों को कीचड़ से होकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। इससे उनकी नियमित उपस्थिति भी प्रभावित होती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि छोटे बच्चों और छात्राओं की सुरक्षा के लिए स्कूल तक पक्की सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। यदि स्कूल परिसर और मैदान भी कीचड़ से भर जाए तो बच्चों के खेलकूद और अन्य गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि छात्र-छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए स्कूल मार्ग पर सीसी रोड या मुरूम सड़क का निर्माण शीघ्र कराया जाए, ताकि बच्चों को स्कूल आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और वे सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर सकें।

---

अशोका स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग का 4 दिवसीय हैप्पीनेस कार्यक्रम

# सकारात्मक जीवन जीने की सीखी कला




**हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा**

वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, मानसिक दबाव और व्यस्त जीवनशैली के बीच स्वस्थ, प्रसन्न एवं संतुलित जीवन जीने की कला सिखाने के उद्देश्य से अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा में विगत दिनों आर्ट ऑफ लिविंग के चार दिवसीय हैप्पीनेस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

चार दिनों तक चले इस शिविर में शहर के विभिन्न वर्गों से जुड़े नागरिकों, शिक्षकों, युवाओं, व्यवसायियों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग, प्राणायाम, ध्यान एवं सुदर्शन क्रिया के माध्यम से तनावमुक्त एवं सकारात्मक जीवन जीने की कला सीखी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ शैलजा चंद्राकर (स्टेट डायरेक्टर, आर्ट ऑफ लिविंग, छत्तीसगढ़) एवं हरजीत सिंह (सीनियर टीचर, आर्ट ऑफ लिविंग) के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। दोनों प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को जीवन की चुनौतियों का मुस्कुराते हुए सामना करने, वर्तमान क्षण में जीने तथा मन, शरीर और भावनाओं के बीच संतुलन स्थापित करने के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने कहा कि जब श्वास बदलती है, तब विचार बदलते हैं और जब विचार बदलते हैं, तब पूरा जीवन बदलने लगता है। सुदर्शन क्रिया केवल एक श्वास तकनीक नहीं, बल्कि आत्मिक शांति, मानसिक स्पष्टता और सकारात्मक ऊर्जा का ऐसा माध्यम है,जो व्यक्ति को भीतर से मजबूत बनाता है। नियमित अभ्यास से तनाव, चिंता, क्रोध एवं नकारात्मक भावनाओं में कमी आती है तथा आत्मविश्वास, एकाग्रता और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। चार दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने त्रि-स्तरीय प्राणायाम, भस्त्रिका, ओम् जप, ध्यान, योगाभ्यास एवं सुदर्शन क्रिया का अभ्यास किया। प्रशिक्षकों ने प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से बताया कि जीवन की परिस्थितियां हमेशा हमारे अनुसार नहीं होतीं, लेकिन मन की स्थिति को संतुलित रखना हमारे अपने हाथ में होता है। जब व्यक्ति स्वयं भीतर से शांत और प्रसन्न होता है, तभी वह परिवार, समाज एवं राष्ट्र के लिए सकारात्मक योगदान दे सकता है।

शिविर के समापन अवसर पर आयोजित सत्संग एवं भजन संध्या ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मधुर भजनों, सामूहिक ध्यान एवं आध्यात्मिक वातावरण में उपस्थित सभी लोगों ने आनंद,शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया।

कार्यक्रम में नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, आर्ट ऑफ लिविंग के जिला अध्यक्ष, संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रशिक्षकगण, सदस्य एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को समाज की वर्तमान आवश्यकता बताते हुए इनके नियमित आयोजन पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने नियमित रूप से सुदर्शन क्रिया एवं ध्यान का अभ्यास कर स्वस्थ,तनावमुक्त एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन का वातावरण अनुशासन,आत्मीयता,उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।

**तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी**

डायरेक्टर पवन देवांगन एवं डायरेक्टर सारिका देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों एवं समाज के समग्र व्यक्तित्व का निर्माण भी है। उन्होंने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग जैसे कार्यक्रम लोगों को तनावमुक्त, अनुशासित एवं मूल्यनिष्ठ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच, आपसी सौहार्द एवं मानवीय मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करेंगे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 15 से लागू होंगे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम

**कवर्धा।** जिले में स्वच्छता को जन-आंदोलन का स्वरूप देने और स्वच्छ छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिलेवासियों से 15 जुलाई 2026 से लागू होने वाले ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 (एस डब्ल्यू एम रूल्स) का पूर्ण रूप से पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ कबीरधाम के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि 15 जुलाई से जिले के सभी घरों, दुकानों, संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कचरे का पृथक्करण अनिवार्य होगा। प्रत्येक परिवार को चार प्रकार के कचरे के लिए अलग-अलग डिब्बों की व्यवस्था करनी होगी। इसमें हरे डिब्बे में गीला कचरा, नीले डिब्बे में सूखा कचरा, लाल चिन्हित डिब्बे में सेनेटरी कचरा तथा काले डिब्बे में हानिकारक कचरा रखा जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता दीदियों को घर-घर कचरा संग्रहण के दौरान पृथक-पृथक कचरा ही सौंपें और मेरा कचरा-मेरी जिम्मेदारी का संकल्प अपनाएं। कलेक्टर ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने खुले में कचरा फेंकने, नालियों में कचरा डालने अथवा कचरे में आग लगाने पर ग्राम पंचायत द्वारा 500 रुपये से 5000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

**चोरी:** सिल्हाटी के विश्वेश्वर महादेव मंदिर से चांदी के आभूषण व पूजन सामग्री पार

# हौसला बुलंद अज्ञात चोरों ने फिर की मंदिर का ताला तोड़कर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/पोंड़ी

अभी करीब हप्ते भर पूर्व जिला मुख्सालय कवर्धा स्थित सब्जी बाजार के पास हनुमान मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किए गए 25-30 तोला चांदी के मुकुट की बारदात के आरोपी को कवर्धा पुलिस पकड़ भी नहीं पाई है कि एक बार फिर अज्ञात चोरों ने पोंड़ी पुलिस चौंकी अंतर्गत ग्राम सिल्हाटी के विश्वेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात हांथ साफ करते हुए चोरी की बारदात को अंजाम दिया है।

बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने मंदिर से चांदी का मुकुट, त्रिशूल सहित अन्य पूजन सामग्री चोरी कर चंपत हो गया। ग्रामीणों द्वारा चोरी की सूचना पुलिस को देने के बाद जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर अपनी औपचारिकताएं पूरी कर दी है।

अब चोर कब पकड़ा जाएगा इसका कोई ठिकाना नहीं है और न ही पुलिस इस सवाल का कोई ठोस जवाब ही दे पा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिल्हाटी में सनातनीयों के प्रमुख आस्था और विश्वास के केन्द्र विश्वेश्वर महादेव मंदिर में बीती रात अज्ञात नकाबपोश चोर ने धावा बोलते हुए पहले मंदिर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और फिर भगवान के चांदी के मुकुट, त्रिशूल सहित अन्य पूजन सामग्री चोरी कर फरार हो गया।

इस घटना की जानकारी मंदिर के पुजारी को रविवार की सुबह उस समय हुई जब पुजारी रोज की तरह मंदिर खोलने पहुंचे। बताया जाता है कि मंदिर का ताला टूटा हुआ था और मंदिर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था तथा भगवान के चांदी के मुकुट, त्रिशूल व अन्य पूजन सामग्री गायब थी। चोरी का पता चलते ही पुजारी ने इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। बाद में इसकी शिकायत पोंड़ी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मौका मुआयना कर अपनी पड़ताल शुरू कर दी है लेकिन अभी तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।



**चोरी की पूरी बारदात कैमरे में कैद**

अज्ञात नकाबपोश चोर द्वारा सिल्हाटी के विश्वेश्वर महादेव मंदिर की गई इस चोरी की पूरी बारदात सीसी टीव्ही कैमरे में कैद हो चुकी है। जिसमें आरोपी बड़े ही बेखौफ ढंग से बारदात को अंजाम देते नजर आ रहा है। हालांकि कैमरे में आरोपी का चेहरा स्पष्ट नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस फुटेज को पुलिस के हवाले कर दिया है। अब देखने वाली बात होगी कि पुलिस आरोपी को कब तक पकड़ पाती है।

**चोरों के निशाने पर जिले के मंदिर पुलिस लाचार**

कबीरधाम जिले में मंदिरों में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कुछ दिन पहले ही कवर्धा शहर के नवीन बाजार स्थित हनुमान मंदिर से करीब 30 तोला चांदी का मुकुट चोरी हो गया था। इस मामले में भी शिकायत दर्ज होने के बावजूद अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जिले के अन्य मंदिरों में भी पूर्व में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। लगातार हो रहे इस तरह की घटनाओं से लोगों के अंदर गुस्सा व असंतोष बढ़ रहा है। वहीं पुलिस चोरी के इन मामलों में लाचार नजर आ रही है।

# पेट्रोल पंप परिसर में खड़े वाहनों से डीजल की चोरी

- शिकायत के बाद भी पुलिस प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

नगर स्थित एक पेट्रोल पंप परिसर में अज्ञात चोरों ने देर रात चार वाहनों से डीजल चोरी कर लिया। चोरी की इस घटना में पेट्रोल पंप के स्वयं के टैंकर से भी करीब 100 से 120 लीटर डीजल पार कर दिया गया।



मामले में पेट्रोल पंप संचालक ने थाना पांडातराई में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, मेसर्स विजय पयुल्स के संचालक विजय कुमार गुप्ता ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया है कि 4 जुलाई 2026 की रात करीब 2 बजे पेट्रोल पंप परिसर के भीतर खड़े चार वाहनों को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। इस दौरान उनके टैंकर क्रमांक सीजी 04 पीएफ 9933 से भी लगभग 100 से 120 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है।

संचालक का आरोप है कि पेट्रोल पंप परिसर में डीजल चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इस संबंध में पहले भी थाना पांडातराई में लिखित एवं मौखिक शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं और चोरी की घटनाएं दोबारा हो रही हैं। आवेदन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने, घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान करने, पेट्रोल पंप परिसर एवं आसपास नियमित रात्रि गश्त बढ़ाने तथा पूर्व में की गई शिकायतों पर हुई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की गई है। पेट्रोल पंप संचालक ने उम्मीद जताई है कि पुलिस प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करेगा और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाएगा।

**पुलिस की कार्रवाई का इंतजार**

पेट्रोल पंप संचालक का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई होती तो दोबारा चोरी की घटना नहीं होती। अब उन्होंने पुलिस से शीघ्र एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# 6 से 8 जुलाई तक विशेष शिविर, 9 जुलाई से वार्डवार सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले आवासहीन लोगों के लिए बड़ा फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार नियम, 2023 के तहत अब पात्र लोगों को शासकीय भूमि का निःशुल्क पट्टा 30 वर्षों के लिए प्रदान किया जाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने 6 जुलाई से लेकर 8 जुलाई तक चलने वाले शिविर को लेकर नगर पालिका पार्षदों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर आवश्यक चर्चा की।

उन्होंने कहा कि आवासहीन एवं पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय क्षेत्र में प्रस्तावित पट्टा सर्वे अभियान में सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया जाए। शासन की मंशा के अनुरूप पात्र एवं आवासहीन परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सर्वे के दौरान किसी भी पात्र हितग्राही का नाम छूटना नहीं चाहिए तथा सभी आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण किया जाए।



**बैठक में सीएमओ ने दी जानकारी**

बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने बताया कि पट्टाधृति अधिकार नियम-2023 के तहत नगर क्षेत्र के पात्र आवासहीन व्यक्तियों को निर्धारित सीमा (800 वर्गफीट) तक नवीन पट्टा प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही अतिरिक्त कब्जे की भूमि का नियमितीकरण, अवैध अथवा अनियमित पट्टा हस्तांतरण का नियमितीकरण तथा भूमि उपयोग परिवर्तन से जुड़े प्रकरणों का भी सर्वे एवं परीक्षण किया जाएगा। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा 6 जुलाई से 8 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।

**कवर्धा नगर के इन स्थानों पर लगेंगे शिविर**

कवर्धा में ये शिविर वीर सावरकर भवन कवर्धा में 6 से 8 जुलाई, पीजी कॉलेज डोम परिसर 7 एवं 8 जुलाई को तथा ठाकुर पारा भवन में 6 से 8 जुलाई तक लगाए जाएंगे। शिविरों में नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण होगा तथा पट्टा सर्वे एवं नियमितीकरण संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में बताया गया कि विशेष शिविरों के समापन के बाद 9 जुलाई 2026 से गठित सर्वे दल प्राथमिकता के आधार पर नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर सर्वे कार्य प्रारंभ करेंगे। सर्वे दल निर्धारित प्रारूप में जानकारी संकलित करेंगे, उसका भौतिक सत्यापन करेंगे तथा पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार करेंगे। निर्धारित समय-सीमा 10 अगस्त 2026 से पूर्व संपूर्ण सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ प्रदान किया जा सके।

## विधायक ने सुनी समस्याएं...



**कवर्धा।** जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र में विधायक भावना बोहरा ने सुनी लोगों की समस्याएं।

# पीटीआई लक्ष्मी नारायण का सम्मान, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय पोंड़ी में 36 वर्षों तक पीटीआई के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले लक्ष्मी नारायण चंद्राकर के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया।



इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके लंबे समर्पित सेवाकाल को याद करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य संजय गुप्ता, शाला विकास समिति अध्यक्ष वेद साहू, सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित थें।

विद्यालय परिवार ने चंद्राकर के स्वस्थ, सुखद एवं उज्जवल सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हुए उन्हें साल श्रीफल स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

# टीचर्स एसोसिएशन का सदस्यता अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में स्थानीय राजीव गांधी पार्क में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम फैसले लिए गए, जिसमें प्रमुख रूप से संविलियन से शिक्षा विभाग में आए शिक्षकों के मुख्य मुद्दा पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन के लिए न्यायालयीन रास्ते सहित हर मोर्चे से संघर्ष किया जाएगा।

वर्तमान सत्र 2026-27 के सदस्यता अभियान की शुरुवात करते हुए जिले के समस्त शिक्षकों से जुड़ने का आव्हान किया गया। शिक्षक पात्रता की सीमित विभागीय परीक्षा का आयोजन करने, सीजी व्हिएसके एप्प के स्थान पर शासन द्वारा डिवाइस उपलब्ध कराने, सेवापुस्तिका व सीजीपीएफ पासबुक को अद्यतन कर स्थानीय संपरीक्षक व कोष एवं लेखा से सत्यापन कराने, सहायक शिक्षकों के समयमान व क्रमोन्नति के विकल्प चयन हेतु समयमान वेतनमान के निर्धारण को स्पष्ट करने, टेट की अगस्त 2028 तक निर्धारित छूट अवधि में केवल वरिष्ठता के आधार पर शिक्षक संवर्ग को पदोन्नति देने, विधानसभा में किए गए घोषणा के अनुरूप कैशलेश चिकित्सा हेतु स्पष्ट व सरल प्रक्रिया अविलम्ब जारी करने, तैतीस वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार के समान बीस वर्ष की कुल सेवा अवधि पर पूर्ण पेंशन देने, डीएड योग्यताधारी शिक्षकों को छः माह का बीएड ब्रिजकोर्स कराने की मांग किया गया। जिले के सभी शिक्षकों से पालक संपर्क कर अपने विद्यालय में नामांकन बढ़ाने व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु बेहतर कार्य करने का आव्हान किया गया।



इस सत्र उच्च परीक्षा में सम्मिलित होने वाले शिक्षक निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर तीस जुलाई तक अपने डीडीओ में आवेदन जमा कर सकते हैं। यह भी स्पष्ट किया गया कि छत्तीसगढ़ शासन का द्वारा एक सितंबर 2018 को जारी शाला संचालन का स्थाई आदेश अभी भी प्रभावशील है, जिसके अनुसार एक पाली में संचालित समस्त शालाएँ शनिवार को प्रातः 7.30 से 11.30 बजे तक संचालित करने का उल्लेख है।

बैठक के प्रारम्भ में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ने जिला व प्रान्त स्तर पर संघीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान किया, तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए जाने के बाद सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# सहकारिता सप्ताह के समापन पर 6 को कवर्धा में संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक मनाए जा रहे सहकारिता सप्ताह के समापन अवसर पर 6 जुलाई 2026, सोमवार को जिला स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।



यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे शासकीय पीजी कॉलेज ग्राउंड (कॉलेज डोम), कवर्धा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विरेश्वर पटेल, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, छत्तीसगढ़ पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य भगत पटेल तथा जिला पंचायत की सभापति श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

आयोजकों द्वारा आयोजन को सफल बनाने तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**बोड़ला में विशेष स्वास्थ्य शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने की जांच, दी जानकारी**

# गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क सोनोग्राफी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में निःशुल्क सोनोग्राफी एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 101 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी एवं स्वास्थ्य जांच कर हाई-रिस्क गर्भावस्था की समय पर पहचान, आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और उपचार सुनिश्चित किया गया। यह पहल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के साथ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम सुनिश्चित हुआ। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित पोषण, एनीमिया की रोकथाम, नियमित प्रसव पूर्व जांच तथा संस्थागत प्रसव के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी महिलाओं को आवश्यक दवाइयां, चिकित्सकीय परामर्श एवं जरूरत के अनुसार उपचार भी उपलब्ध कराया गया, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। इस शिविर से बोड़ला, चिल्फी, रेंगाखार, तरेगांव, झलमला सहित वनांचल के अनेक गांवों की गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुईं।



**महिलाओं को दी गई आवश्यक जानकारियां**

शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजूषा यादव ने सभी गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सोनोग्राफी के माध्यम से शिशु के विकास की निगरानी, गर्भावस्था एवं संभावित प्रसव तिथि की पुष्टि, प्लेसेंटा की स्थिति, अम्नियोटिक द्रव की जांच, जन्मजात विकृतियों की पहचान, प्लेसेंटा प्रीविया जैसी जटिलताओं का पता लगाने तथा एक से अधिक भ्रूण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह जांच सुरक्षित मातृत्व एवं सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**बोड़ला सेक्टर की कई महिलाएं लाभान्वित**

लाभान्वित ग्रामों में बोड़ला सेक्टर के मंडलाटोला, खरिया, बैरक एवं बोड़ला, पोड़ी सेक्टर के राम्हेपुर, सारंगपुरकला, कुसुमघटा एवं पोड़ी तथा बैजलपुर सेक्टर के खंडसरा, भलपरी, मढ़ाडाबरी, मड़मड़ा एवं बैजलपुर शामिल रहे। स्वास्थ्य सुविधाओं की सीमित उपलब्धता वाले इन क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविर ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तूरे ने बताया कि इस तरह के शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच सुनिश्चित की जा सके। वहीं, बीएमओ डॉ. पुरुषोत्तम राजपूत ने कहा कि सोनोग्राफी के माध्यम से हाई-रिस्क गर्भावस्था की प्रारंभिक पहचान होने से जटिलताओं को समय रहते नियंत्रित कर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित किया जा सकता है।

# कबीर साहिब का मनाया गया प्रकाश पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सद्गुरु कबीर साहिब के प्रकाश पर्व के अवसर पर कवर्धा स्थित गुरुद्वारा साहिब में सिख समाज और कबीर पंथ समाज ने संयुक्त रूप से श्रद्धा एवं उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया।

दोनों समाजों के लोगों ने एक मंच पर आकर धार्मिक समरसता, आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि 15वीं शताब्दी की भक्ति परंपरा के दो महान संत सद्गुरु कबीर साहिब और श्री गुरु नानक देव का आध्यात्मिक संवाद मगहर-काशी क्षेत्र में हुआ था।

कबीर साहिब की रचित गुरबाणी के श्लोक एवं शबदों को श्री गुरु ग्रंथ साहिब में सम्मानपूर्वक स्थान दिया गया है, जिनका पाठ और कीर्तन आज भी विश्वभर के गुरुद्वारों में श्रद्धापूर्वक किया जाता है। सिख समाज के आमंत्रण पर कबीर पंथ समाज की विभिन्न समितियों और मंडली प्रमुखों ने बड़ी संख्या में गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर भजन-कीर्तन में सहभागिता की। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति एवं संगत ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज गुरबाणी के शबदों का कीर्तन, कथा और गुर इतिहास का वाचन किया गया। वक्ताओं ने सद्गुरु कबीर साहिब के मानवता, समानता, प्रेम और सामाजिक समरसता के संदेश को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर दोनों समाजों के लोगों ने एक-दूसरे को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी इसी प्रकार मिल-जुलकर धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने गुरु के अटूट लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। अंत में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति कवर्धा ने कार्यक्रम में शामिल सभी श्रद्धालुओं एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।